**कृपया प्रकाशनार्थ** **19 अप्रैल 2014**

## पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक ने शनिवार, 19 अप्रैल को मुंबई में पत्रकार परिषद में किया निवेदन

### *मुंबई की मतदाता सूचि में भी घोटाला; बोगस मतदान की संभावना : राम नाईक*

**मुंबई, शनिवार :**मुंबई की मतदाता सूचियों में भी धांदली हुई है, जिसके कारण हो सकता है कि 24 अप्रैल को पुणे की तरह मुंबई में भी मतदान के दिन गडबड होगी, ऐसी आशंका पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक ने आज मुंबई में पत्रकार परिषद में व्यक्त की.

इस विषय की विस्तार से जानकारी देते हुए श्री. राम नाईक ने कहा,'' मतदाता सूचि में बडे पैमाने पर दुबार तथा बोगस मतदाता है ऐसी शिकायतें बार-बार करने के बावजूद भी शायद निर्वाचन आयोग ने इस संदर्भ में ठोस कार्यवाही नहीं की है ऐसा अब लग रहा है. उदाहरण के तौर पर मैं जिस बिल्डिंग में पिछले 52 वर्षों से रह रहा हूँ उसकी मतदाता सूचि पेश करु तो भी सबको बडा आश्चर्य होगा. मेरी बिल्डिंग में पहली बार इस चुनाव के समय 30 प्रति शत बोगस मतदाता हैं ऐसा कल जब निर्वाचन अधिकारी से मतदान पर्चीयां आयी तब ध्यान आया.''

मतदाता सूची की इस धांदली की जानकारी देते हुए श्री. नाईक ने आगे कहा,'' उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के 163-गोरेगाव विधानसभा की मतदाता सूचि में यादी भाग क्र. 177 में अनुक्रमांक 17 पर मेरा नाम है. इस यादी में अनुक्रमांक 1 से 30 तक मेरी ही बिल्डिंग के नाम दिए हैं. वास्तव में इसमें से अनुक्रमांक 1 से 20 ही असल में मेरी बिल्डिंग में रहते हैं, 21 से 30 अनुक्रमांक पर जो व्यक्ति हैं उनसे हम सभी अपरिचित है. इन नामों की जब मैंने इंटरनेट से जाँच की तो मुझे धक्का ही लगा. क्योंकि यह सभी दस मतदाताओं के नाम गोरेगाव विधानसभा के ही यादी भाग 92 में भी अनुक्रमांक 722 से 732 (723 छोड कर) है यह मेरे ध्यान में आया. दोनों यादी भागों में व्यक्ति वहीं है यह छायाचित्र से स्पष्ट हो रहा हैं, किंतु इससे भी अधिक चौका देनेवाली बात यह है की इन व्यक्तिओं के मतदाता पत्र के क्रमांक दोनो सूचियों में अलग-अलग हैं.''

श्री. राम नाईक ने कहा कि वें शिवस्मृती सहकारी गृह संस्था के संस्थापक सदस्य हैं और पिछले 52 वर्षों सें वहीं उनका वास्तव्य है. इन सभी व्यक्तिओं को किस आधार पर मतदाता परिचय पत्रक दिए गए यह वें जानना चाहते हैं. श्री. नाईक ने कहा कि उन्हे डर है की यह धांदली बडे पैमाने पर होगी जिससे मतदान के दिन मुंबई में भी पुणे जैसी ही गडबड होगी. इस धांदली के पीछे कौन है इसकी भी जाँच करने की माँग भी श्री. राम नाईक ने की.

इस पुरी धांदली की जानकारी प्रत्यक्ष भेंट कर जिला निर्वाचन अधिकारी को याने उपनगर जिलाधिकारी श्री. शेखर चेन्ने को दी है ऐसी जानकारी भी श्री. नाईक ने पत्रकारों को दी. पत्रकारों की जानकारी के लिए दोनो मतदाता यादी भागों के संदर्भित पन्नों की प्रत भी श्री. नाईक ने दी. ऐसे दुबार मतदाताओं की वजह से मतदान की पवित्रता ही खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए श्री. राम नाईक ने मांग कि के जिलाधिकारी जनता को वें क्या कार्यवाही करेंगे इसकी जानकारी दे.

**(कार्यालय मंत्री)**

**संलग्न : 1) यादी भाग क्रमांक 177, पान 3**
**2) यादी भाग क्रमांक 92, पान 27**